# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में ओपनफोर्ज़ सॉफ्टवेयर पर दो–दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

पंतनगर। 18 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पीसीटी सभागार में ओपनफोर्ज़ सॉफ्टवेयर पर दो–दिवसीय छात्रों के क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन कार्यवाहक अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. लोकेश वार्ष्णेय द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी का आयोजन भारत सरकार के राष्ट्रीय ई गवर्नेन्स प्रभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं उत्तराखण्ड सरकार के आईटी, सुशासन और विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य छात्रों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कौशल विकास एवं नवाचार हेतु प्रेरित करना है।

संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों एसईएमटी सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग, उत्तराखण्ड सरकार के प्रमुख श्री रविष्ांकर सिंह तथा राष्ट्रीय ई गवर्नेन्स प्रभाग भारत सरकार के सीनियर मैनेजर श्री संजय कुमार एवं डिप्टी जनरल मैनेजर श्री अमित कुमार द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी समन्वयक डा. राजीव सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये तथा ओपनसोर्स सॉफ्टवेयर के विषय में छात्रों को जानकारी दी। आयोजन सचिव डा. अशोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संगोष्ठी में डा. राजेश सिह, डा. बिनय पाण्डेय एवं अन्य संकाय सदस्य, विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में वंशिका गोयल, प्रज्ञा जैन, श्री अशोक कुमार, पूनम त्रिपाठी एवं अन्य छात्रों का विशेष सहयोग रहा।

